an>

Title: Need to take immediate steps to ensure security of the border areas of Gujarat by granting permission to set up 22 police stations along the Pakistan border.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : अध्यक्ष महोदया जी आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान इस ओर दिलाना चाहूंगा कि गुजरात राज्य में पाकिस्तान से सटे लगभग 1640 किलोमीटर की समुद्री सीमा है, ...(व्यवधान) जो देश की सुरक्षा की नजर से बेहद संवेदनशील एवं कमजोर है। ...(व्यवधान) इस लम्बी समुद्री सीमा पर बेहद महत्वपूर्ण अल्ट्रा पावर प्रोजेक्ट, प्रमुख पोर्ट, प्रमुख पेट्रोलियम रिफाइनरी इत्यादि अनेक महत्वपूर्ण इफ्रास्ट्रक्चर गतिविधियां गुजरात के मुख्यतः अमरेली, भावनगर, कच्छ एवं जामनगर में चलती हैं ...(व्यवधान) जिनकी सुरक्षा हेतु सरकार को प्राथमिकता प्रदान करते हुये यथासंभव गंभीर प्रयास करने होंगे। ...(व्यवधान)

मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि गुजरात सरकार ने इस लम्बी समुद्री सीमा की व्यापक सुरक्षा हेतु भारत सरकार को इन समुद्री तटों से सटे 11 जिलों में 51 समुद्री पुलिस स्टेशन खोलने का प्रस्ताव सन् 2005 में भेजा था।...(व्यवधान) परन्तु पूर्व केन्द्र सरकार ने इनमें से केवल 22 पुलिस स्टेशन खोलने की अनुमति प्रदान की थी और प्रस्तावित 70 चौकियों के स्थान पर केवल 46 चौकियों का ही अनुमोदन केन्द्र सरकार को किया है।...(व्यवधान) इसके अतिरिक्त गुजरात के कच्छ जिले में जखाऊ एवं मेदी के बीच का समुद्री तटीय इलाका पूरी तरह से पुलिस/बीएसएफ की समुद्री टुकड़ी की निगरानी से वंचित है जो काफी चिन्ता का विषय है।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से गृह मंत्री महोदय से अनुरोध है कि वे स्वयं इस दिशा में हस्तक्षेप करते हुए जनहित में गुजरात में 1600 किलोमीटर तक फैली समुद्री सीमा की सुरक्षा हेतु यथाशीघ्र गुजरात सरकार द्वारा प्रस्तावित पुलिस स्टेशनों की अनुमति प्रदान करते हुए फेज-1 एवं फेज-2 अंतर्गत लगभग 60 हाई स्पीड पेट्रोल बोट्स प्रदान करने हेतु आवश्यक कदम उठाएं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ठीक है, आपकी बात हो गई। श्री सी.आर. चौधरी, आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record.

(*Interruptions*)....*

माननीय अध्यक्ष : ज़ीरो आवर में पूरा लिखा हुआ नहीं पढ़ते हैं। ऐसा कई बार बताया गया है।

â€¦(व्यवधान)